# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-१ कार्यवाही-प्रश्नोत्तर ) ।

शुक्रवार, तिथि १५ जुलाई, १९७७ ई० ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौलिक उत्तर : | |
| अल्प-सुचित प्रश्नोत्तर संख्या : ३६, ७०, एवं ७१ । | १—९ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : १४१, १३९, १४०, १४३, १४२, १४४, १४५, १४६, १५०, १५२, १५४, १५५, १५६, १५७, १५९, १६२, १६७, १७१, १७३, १७४, १७५, १७९, १८२, १८४, १८८, एवं १९० । | ९—४२ |
| प्रश्नों को सदन में रखने के सम्बन्ध में अध्यक्षीय व्यवस्था : | |
| परिशिष्ट ( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) : .... ... | ४३—५४ |
| दैनिक निबंध .... ... .... | ५५—५६ |


टिप्पणी—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है, उनके नाम के आगे (*) चिन्ह लगा दिया गया है ।

(२) क्या यह बात सही है कि आवंटी श्री चौधरी ने पानी एवं बिजली आपूर्ति के संबंध में क्रमशः कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता, पटना प्रमंडल, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना को दिनांक १६-५-७७ को आवेदन पत्र दिया गया है लेकिन अभी तक पानी एवं विद्युत की आपूर्ति नहीं की गई है ?

(३) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कब तक पानी एवं बिजली की आपूर्ति कराने का विचार रखती है ?

**श्रीमती सुमित्रा देवी**—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है। फलैट संख्या १९/२२७ में पानी का प्रबन्ध कर दिया गया है, परन्तु प्रेसर कम रहने के कारण पानी ऊपर चढ़ने में दिक्कत होती होगी।

बिजली का आपूर्ति नहीं हो पाई है। इसके लिये आवास बोर्ड ने पटना इलेक्ट्रिक सप्लाई अन्डरटेकिंग के पास १९७६ के नवम्बर महीने में ही पैसा जमा कर दिया है। आशा है कि एक सप्ताह के अन्दर बिजली की आपूर्ति हो जायगी।

(३) प्रश्न खंड १ और २ के उत्तरों में ही इसका भी उत्तर निहित है।

---

स्पाईनिंग मिल की स्थापना

१६०। **श्री कृष्ण प्रताप सिंह**— क्या मंत्री उद्योग विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला मुख्यालय में स्पीनिंग मिल खोलने की योजना है यदि हाँ, तो इसके कब तक खुलने की संभावना है ?

**श्री ठाकुर प्रसाद**—उत्तर स्वीकारात्मक है। परियोजना के कार्यान्वयन हेतु स्थल चयन, भू-अर्जन, फिजीबिलीटी रिपोर्ट, तकनीकी परामर्श और वित्तीय साझेदारी से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। इन समस्याओं के निराकरण में कितना समय लगेगा यह बताना तत्काल संभव नहीं है।